अमर उजाला 09/10/2022

# नाटक से दर्शाया नारी जीवन का संघर्ष

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी में 17 सितंबर से चल रही नाट्य कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा




(चंडीगढ़) की अधिकारी तान्या जीएस चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान पूर्वांचल के जीवन पर आधारित मुक्ति नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक में नारी जीवन के संघर्षों को दर्शाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने की और मंच संचालन डीन युवा एवं सांस्कृतिक डॉ.राजेंद्र देशवाल ने किया। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने कहा कि मंच पर प्रस्तुति देने से व्यक्तित्व का विकास होता है। इस मौके पर नाट्य कार्यशाला के निदेशक अशोक लहरी, डॉ. केके पूनिया, कॉलेज के कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. सरोज, टीएस दुग्गल, नरेश शर्मा, सोहन कुमार, अमरजीत आदि मौजूद रहे। संवाद